दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी






आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 11 | अंक : 237 | लखनऊ, 15 अगस्त, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# नागरिकों की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मिसाल बनेगा ऑपरेशन सिंदूर : राष्ट्रपति मुर्मू

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक मिसाल के रूप में याद किया जाएगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकवादी हमले को 'कायरतापूर्ण और पूरी तरह से अमानवीय' बताया। उन्होंने आगे कहा कि पहलगाम हमले के प्रति भारत की प्रतिक्रिया, ऑपरेशन सिंदूर, निर्णायक और दृढ़ संकल्प के साथ थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि राष्ट्र की रक्षा के लिए हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नागरिकों की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस वर्ष, हमें आतंकवाद का दंश झेलना पड़ा। कश्मीर घूमने गए निर्दोष नागरिकों की हत्या, कायरतापूर्ण और नितांत अमानवीय थी। इसका जवाब भारत ने, फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र की सुरक्षा का प्रश्न सामने आता है तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, प्रतिरक्षा के क्षेत्र में, 'आत्मनिर्भर भारत मिशन' की परीक्षा का भी अवसर था। अब यह सिद्ध हो गया है कि हम सही रास्ते पर हैं। हमारा स्वदेशी विनिर्माण उस निर्णायक स्तर पर पहुंच गया है जहां हम अपनी बहुत सी सुरक्षा-आवश्यकताओं को पूरा करने में भी आत्मनिर्भर बन गए हैं।

उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं से प्रेरित होकर, हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम ने अभूतपूर्व विस्तार देखा है। मुझे विश्वास है कि शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक की अंतरिक्ष यात्रा ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। यह भारत के आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, 'गगनयान' के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। नए आत्मविश्वास से ओतप्रोत, हमारे युवा खेलों में अपनी पहचान बना रहे हैं। उदाहरण के लिए, शतरंज में अब भारत के युवाओं का पहले से कहीं अधिक दबदबा है। हम ऐसे परिवर्तनकारी बदलावों की आशा करते हैं जो राष्ट्रीय खेल नीति 2025 में निहित दृष्टिकोण के तहत भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए, हमें अपने आप में भी कुछ परिवर्तन करने होंगे। हमें अपनी आदतें और अपनी विश्व-दृष्टि में बदलाव लाना होगा। हमें अपनी धरती, नदियों, पहाड़ों, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के साथ अपने संबंधों में भी परिवर्तन करना होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों से संवर्धित, समग्र आर्थिक विकास के बल पर भारत, 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है। मैं समझती हूं कि अमृत काल के इस दौर में, आगे बढ़ते जाने की राष्ट्रीय यात्रा में, सभी देशवासी यथाशक्ति अपना सर्वाधिक योगदान देंगे।

# सपा पर सीएम योगी का तंज

## दुनिया आगे बढ़ी, लेकिन वो परिवार में सिमटे

**इनकी सोच कुएं के मेंढक जैसी**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर 24 घंटे चली चर्चा के दौरान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि यह पार्टी कुएं के मेंढक की तरह है - दुनिया आगे बढ़ रही है, लेकिन ये लोग अपने तक ही सीमित रहते हैं। सपा पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि आपका (समाजवादी पार्टी) परिवार विकास प्राधिकरण भी इसका एक उदाहरण है, ये लोग सिर्फ.अपने तक ही सीमित रहना जानते हैं। स्वामी विवेकानंद ने अपनी कहानियों में इस बारे में कहा था।

योगी ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी की हालत कुएं के मेंढक जैसी है। दुनिया आगे बढ़ रही है, लेकिन आप सिर्फ. अपने परिवारों तक ही सीमित रहना जानते हैं। और आप उत्तर प्रदेश के साथ भी यही करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस चर्चा में 187 सदस्यों ने हिस्सा लिया है। हमें इस पर भविष्य के लिए रणनीति बनानी होगी।



हम इस पर सभी हितधारकों से बात करेंगे। मैं सभी सदस्यों, विशेषकर विपक्ष के नेता, का इस चर्चा में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

योगी ने कहा कि जब हम इस विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा कर रहे थे, तो मैंने दो-तीन बातें देखीं। हर विधानसभा क्षेत्र को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और विकास का गवाह बनना चाहिए। एक विकसित उत्तर प्रदेश ही एक विकसित राष्ट्र के सपने को साकार कर सकता है। मैंने देखा कि कुछ लोग विकास की कम और बिजली की ज्यादा बात कर रहे थे। सपा पर तंज सकते हुए उन्होंने कहा कि आपका (समाजवादी पार्टी) परिवार विकास प्राधिकरण भी इसका एक उदाहरण है, ये सिर्फ.अपने तक ही सीमित रहना जानते हैं। स्वामी विवेकानंद ने अपनी कहानियों में इसी बारे में कहा था। समाजवादी पार्टी की हालत कुएँ के मेंढक जैसी है। दुनिया आगे बढ़ रही है, लेकिन आप सिर्फ.अपने परिवार तक ही सीमित रहना जानते हैं। और आप उत्तर प्रदेश के साथ भी यही करना चाहते हैं।

समाजवादी पार्टी पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि वे मथुरा-वृंदावन में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा नहीं करेंगे, क्योंकि उन्होंने 2016 में ही कह दिया था कि वे दुर्योधन का स्मारक बनाएंगे। उन्होंने दावा किया कि हम राज्य में 22 एक्सप्रेसवे बनाने पर काम कर रहे हैं...मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे होगा। भारत की पहली रैपिड मेट्रो मेरठ से दिल्ली तक जाती है...लेकिन वे (समाजवादी पार्टी) यह सब विकास नहीं देख सकते...आज, यूपी में देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है...राज्य में चार चालू हवाई अड्डे हैं, और पांचवां जेवर होगा, जो देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

# हम अस्थिर दौर में रह रहे हैं, वैश्विक अशांति से निपटने के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी: जयशंकर

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता भरे दौर का सामना कर रहे हैं, जहां कोविड महामारी, कई संघर्षों और व्यापार में बडे.बदलावों का लगातार सामना करना पड़ रहा है, इसलिए वैश्विक अशांति से निपटने के लिए आत्मनिर्भरता की मानसिकता होनी आवश्यक है। जयशंकर ने यहां एक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान कहा, वैश्वीकरण और शहरीकरण के युग में परंपराएं अक्सर समय के साथ खो जाती हैं, लेकिन हमने इन्हें संजोकर भारतीय पर्यटन को और भी अधिक आकर्षक बना दिया है। कार्यक्रम के विषय अजेय भारत की भावना की ओर इशारा करते हुए जयशंकर ने कहा, हम एक सभ्यतागत राष्ट्र हैं, ऐसा राष्ट्र और समाज जिसने समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत को संजोकर रखा है। विदेश मंत्री ने कहा, हमारी असली ताकत हमारे लोग रहे हैं। हमारे लोग और उनका आत्मविश्वास। हमने विपरीत परिस्थितियों में भी जीत हासिल की है और प्रगति एवं समृद्धि की यात्रा में हमने अनेक चुनौतियों का सामना किया है।

# अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी छात्रों से मिले राजनाथ सिंह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी उच्चतर माध्यमिक छात्रों के साथ बातचीत की। रक्षा मंत्री के साथ छात्रों की यह बातचीत अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता यात्रा, आरोहणः द्वीप से दिल्ली का हिस्सा है। ये छात्र 15 अगस्त, 2025 को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे।

बातचीत के दौरान, रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर जोर दिया



और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से जोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

मंत्री महोदय ने अतिथि छात्रों को अपना स्नेह व्यक्त करते हुए मिठाइयाँ भेंट कीं और द्वीपसमूह के स्थानीय आदिवासी कारीगरों द्वारा निर्मित पारंपरिक स्मारिका भेंट के साथ बैठक का समापन हुआ। राजनाथ सिंह ने एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय, दिल्ली क्षेत्र मुख्यालय और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के नागरिक प्रशासन द्वारा समर्थित एएनसी की इस अनूठी पहल की सराहना की। इस बातचीत के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

आरोहणः द्वीप से दिल्ली की यात्रा का उद्देश्य दूरस्थ द्वीप समुदायों के युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक बुनियादी ढाँचे और शैक्षणिक अवसरों से परिचित कराना है। इस यात्रा कार्यक्रम में लाल किला, इंडिया गेट, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और ताजमहल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों के साथ-साथ दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र जैसे प्रमुख संस्थानों का भ्रमण शामिल है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने और द्वीपसमूह के भावी नेताओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**संक्षिप्त समाचार**

## बाराबंकी में बस पलटने से 30 यात्री घायल, दो की हालत गंभीर

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

बाराबंकी , गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक निजी बस बुधवार देर रात लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर पलट गई, जिससे 30 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार, बस अनियंत्रित होकर राजमार्ग पर पलट गई, जिससे धरौली गांव के पास घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय ग्रामीण मदद के लिए दौड़े और वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया।

# वोटर अधिकार यात्रा के जरिए वोट चोरी के खिलाफ सीधी लड़ाई छेड़ रहेः राहुल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 17 अगस्त को वह अपनी वोटर अधिकार यात्रा के जरिये कथित वोट चोरी के खिलाफ बिहार की धरती से सीधी लड़ाई शुरू करेंगे।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि यह केवल एक चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत की रक्षा का निर्णायक संग्राम है।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, 17



अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा के साथ हम बिहार की धरती से वोट चोरी के खिलाफ सीधी लड़ाई छेड़ रहे हैं। यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत की रक्षा का निर्णायक संग्राम है।

उन्होंने कहा, हम पूरे देश में साफ-सुथरी मतदाता सूची बनवाकर ही रहेंगे। युवा, मजदूर, किसान - हर नागरिक, उठो और इस जनांदोलन से जुड़ो। राहुल गांधी ने कहा, अब की बार, वोट चोरों की हार - जनता की जीत, संविधान की जीत।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के कई अन्य घटक दलों के नेता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा कथित वोट चोरी के खिलाफ 17 अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा शुरू करेंगे। सासाराम से इस यात्रा की शुरूआत होगी और इसका समापन एक सितंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में वोटर अधिकार रैली के साथ होगा। इस जनसभा में इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल हो सकते हैं।


# गोवा में बनेगा ऐतिहासिक शिवाजी संग्रहालय

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रखेंगे आधारशिला

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, गोवा, पोंडा के फामार्गुडी में बनने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज डिजिटल संग्रहालय के साथ अपने पर्यटन मानचित्र में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मील का पत्थर जोड़ने के लिए तैयार है। इस परियोजना की घोषणा पर्यटन भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पर्यटन मंत्री रोहन ए. खाउंटे, पर्यटन निदेशक केदार नाइक और जीटीडीसी के प्रबंध निदेशक कुलदीप अरोलकर ने की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दस सितंबर को गोवा का दौरा करेंगे और इस दौरान तटीय राज्य में विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नई दिल्ली में शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात के बाद बुधवार शाम गोवा लौट आए। सावंत ने बृहस्पतिवार को यहां



संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने शाह को दस सितंबर को गोवा आने का निमंत्रण दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह की यात्रा के दौरान दक्षिण गोवा जिले के फामार्गुडी में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय सहित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नड्डा के साथ उनकी बैठक के दौरान गोवा मेडिकल कालेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए सीटों की संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। सावंत ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय संभाल रहे नड्डा ने जल्द से जल्द सीटें बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

### परियोजना अवलोकन और वित्तपोषण

संग्रहालय का विकास भारत सरकार की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। अनुमानित परियोजना लागत 125.59 करोड़ है, जिसमें 97.46 करोड़ केंद्रीय सहायता से और 28 करोड़ राज्य सरकार से प्राप्त होंगे। निर्माण दो चरणों में योजनाबद्ध हैः चरण कः भूनिर्माण, सार्वजनिक सुविधाएँ, पार्किंग और बुनियादी ढाँचे के विकास सहित नागरिक कार्य। चरण ककः मल्टीमीडिया स्थापनाएँ, प्रक्षेपण मानचित्रण, और एक प्रकाश एवं ध्वनि शो।


# सपा विधायक ने सीएम योगी की जमकर की तारीफ

## मेरे पति के हत्यारे को मिट्टी में मिलाया

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के लिए धन्यवाद दिया, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ। सपा विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जीरो टॉलरेंस जैसी नीतियाँ लाकर उन्हें न्याय दिलाया, जिसके कारण अतीक अहमद जैसे अपराधी मारे गए। दावा किया जाता है कि पूजा पाल के पति राजू पाल की अतीक अहमद और उनके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में 'विजन डॉक्यूमेंट 2047' पर 24 घंटे की मैराथन चर्चा के दौरान बोलते हुए, पूजा पाल ने कहा कि हर कोई जानता है कि मेरे पति (राजू पाल) की हत्या किसने की। मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहती हूँ कि उन्होंने मुझे न्याय



दिलाया और मेरी बात तब सुनी जब किसी और ने नहीं सुनी। मुख्यमंत्री ने जीरो टॉलरेंस जैसी नीतियाँ लाकर प्रयागराज में मेरे जैसी कई अन्य महिलाओं को न्याय दिलाया, जिसके कारण अतीक अहमद जैसे अपराधी मारे गए। आज पूरा राज्य मुख्यमंत्री की ओर विश्वास की नजर से देखता है।

उन्होंने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि मेरे पति के हत्यारे अतीक अहमद को मुख्यमंत्री ने मिट्टी में मिलाने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने देखा कि कोई भी अतीक अहमद जैसे अपराधियों के खिलाफ लड़ना नहीं चाहता, तो मैंने आवाज उठाई। जब मैं इस लड़ाई से थकने लगी, तो सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुझे न्याय दिलाया।

2005 में, पूजा पाल से शादी के कुछ दिनों बाद, प्रयागराज में बसपा विधायक राहु पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फरवरी 2023 में, हत्या के एक प्रमुख गवाह उमेश पाल की प्रयागराज के सुलेम सराय इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उमेश और उसके गनरों पर कई राउंड फायरिंग की गई और बम फेंके गए। अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ अहमद मुख्य आरोपी थे और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। 15 अप्रैल, 2023 की रात को प्रयागराज में मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय खुद को पत्रकार बताकर कुछ लोगों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

# किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे

**● पाकिस्तानी नेताओं की नफरती टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारत ने पाकिस्तान को नयी दिल्ली के खिलाफ नफरती बयानबाजी नहीं करने की चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर द्वारा भारत को परमाणु धमकी दिये जाने और बिलावल भुट्टो जरदारी की कुछ टिप्पणियों के बाद, विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया आई है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से भारत के खिलाफ लगातार की जा रही लापरवाह, युद्धोन्मादी और घृणास्पद टिप्पणियों से जुड़ी खबरें देखी है। उन्होंने कहा, अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जगजाहिर तौर-तरीका है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान को आगाह किया जाता है कि वह अपनी बयानबाजी पर संयम रखे क्योंकि किसी भी दुस्साहस के कष्टकारी परिणाम होंगे, जैसा कि हाल ही में प्रदर्शित किया गया है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने भारत को परमाणु धमकी जारी करते हुए कहा कि अगर भविष्य में भारत के साथ संघर्ष में अस्तित्व के संकट का सामना करना पड़ा तो वह आधी दुनिया को तबाह कर देगा। भारत ने टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया और कहा कि देश राष्ट्रीय सुरक्षा की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। प्रिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुनीर ने सिंधु नदी पर भारत के तटबंध को नष्ट करने की भी धमकी दी और कहा कि एक बार बांध बन जाने से पाकिस्तान उस पर मिसाइलें दागेगा।



## संक्षेप

### महिला ने अपने पति पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। महिला ने अपने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व देवरानी के साथ नाजायज संबंध को लेकर पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौरी निवासिनी रेनू पत्नी मोनू का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था महिला का मायका सहिला थाना बिहार है महिला के पिता ने विवाह में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया दहेज से उसका पति खुश नहीं था पत्नी को दहेज को लेकर परेशान करने लगा महिला ने तहरीर लिखा कि मैने पिता से सारी बात बताई मेरे पिता ने अपने घर के गहने बेचकर डेढ़ लाख रुपए दिए लेकिन मेरे पति पुनः अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे दहेज पूरा न कर पाने पर गाली-गलौज व जान से मार देने की धमकी देने लगे कुछ दिन बाद मेरे पति के देवरानी से नाजायज संबंध हो जाने पर वो मेरे साथ अधिक अत्याचार व प्रताड़ित करने लगे बेटे की भी पढ़ाई लिखाई व खर्चे के लिए पैसा नहीं देते थे जिसको लेकर अक्सर विवाद हुआ करता और कहा कि आग जलाकर मार डालेंगे घर से निकाल दिए जाने पर पीड़िता ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### पैदल जा रही वृद्ध महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के चौधरीखेड़ा गांव के पास बुधवार रात एक हादसा हुआ। सड़क किनारे पैदल जा रही 65 वर्षीय शांति देवी को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में शांति देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को मियागंज अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसीवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।हादसे के बाद आरोपी चालक बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह के अनुसार चालक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। मृतका शांति देवी विधवा थीं। उनके पति आशाराम का पहले ही निधन हो चुका था। वह अपने पीछे दो बेटे बालेंद्र और वीर एकलव्य भारती तथा एक बेटी पूजा देवी को छोड़ गई हैं। घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की है, जब शांति देवी किसी काम से घर से बाहर निकली थीं।

# जिला सहकारी बैंक लखनऊ द्वारा निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।15 अगस्त 2025 के ₹स्वतंत्रता दिवस₹ की 79वीं वर्षगाठ के शुभ अवसर पर बैंक सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में 1 अगस्त की पूर्व संध्या पर सायं 5.00 बजे जिला सहकारी बैंक लि० लखनऊ के मुख्यालय, 26 जगदीश बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ से सुभाष चौक तक तिरंगा यात्रा पैदल मार्च निकाला गया। उक्त तिरंगा यात्रा में रत्नाकर सिंह, उप आयुक्त एवं उप निबन्धक, सहकारिता, लखनऊ मण्डल, लखनऊ, कु० वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, जनपद-लखनऊ, श्री आवेश प्रताप मौर्य, सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित सहकारिता विभाग के समस्त अधिकारी / कर्मचारी तथा जिला सहकारी बैंक लि० लखनऊ के समस्त अधिकारी / कर्मचारी एवं बी-पैक्स के समस्त सचिवों द्वारा भाग लिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की आजादी के लिए शहीद हुए महानुभावों को याद करते हुए अमर रहे के नारे लगाते हुए उनको सुभाष चौक पर श्रद्धान्जलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर बैंक सभापति वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी अमृत महोत्सव वर्ष में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की श्रखंला में हमने आज तिरंगा यात्रा निकाली है, कल प्रातःकाल सभी शाखाओं पर झण्डारोहण कर राष्ट्रगान करेगें। देश के अमर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धान्जलि व कृतज्ञता ज्ञापित करेगें। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का विशेष अवसर है, जब देश की सेना ने पहलगाम के नृशंस, निन्दनीय आतंकवादी घटना पश्चात पाकिस्तान को धूल घूसित कर सारे विश्व में अपने युद्ध कौशल, विज्ञान, टेक्नालाजी से आश्चर्य चकित कर विजय प्राप्त की। आज देश की सुरक्षा मजबूत हाथों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सारी दुनिया में अपना डंका बजवा रही है। लखनऊ का विशेष सौभाग्य है कि यहाँ के सांसद राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री, भारत सरकार के कुशल प्रशासन व साहसिक निर्णय से पूरा देश गौरवान्वित है। इस अवसर पर दिवाकर सिंह अध्यक्ष ग्राम विकास बैंक,शिव दर्शन यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख बीकेटी, अमित सिंह उपाध्यक्ष, मयंक चौधरी, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव बीजेपी नेता, अतुल सिंह बीजेपी नेता, विकास कुमार बीजेपी नेता एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं की भीड़ मौजूद रहीं।




# गाड़ियों की धोखाधड़ी का बड़ा खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना गंगाघाट एसओजी और सर्विलांस टीम ने एक बड़े वाहन घोटाले का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है जो किराए पर गाड़ियां लेकर उन्हें बेच देता था। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब 2 करोड़ रुपए की 13 गाड़ियां, 6 मोबाइल और नकदी बरामद की गई है। एसपी दीपक भूकर के अनुसार, यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत की गई।पुलिस ने बुधवार को साई गैलेक्सी होटल के पास से शिवा गुप्ता, रितिक पाल, प्रसून सैनी, रीसू गौतम और गौरव गौतम को गिरफ्तार किया। इनके पास से ब्रेजा, वेन्यू, इको स्पोर्ट, एक्सयूवी 500 समेत विभिन्न मॉडल की 13 गाड़ियां मिलीं। आरोपियों की कार्यप्रणाली बेहद चालाक थी। वे वाहन मालिकों से किसी कंपनी में लगाने के बहाने गाड़ियां किराए पर लेते थे। शुरूआती 3-4 महीने नियमित किराया देकर मालिक का विश्वास जीतते। फिर गाड़ियों को बेच देते थे।जब खरीदार वाहन ट्रांसफर की मांग करते, तो आरोपी या तो कुछ पैसे वापस कर देते या गाड़ी बदल देते। एक मामले में शिवा गुप्ता और उसके साथियों ने एक डिजायर कार 5 लाख रुपये में दिलीप वर्मा को बेची। बाद में कार वापस ले ली, लेकिन पैसे नहीं लौटाए। थाना गंगाघाट में इस मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में एक युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका मिला। मृतक की पहचान बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के शेरपुर कलां के मजरा मोलवी खेड़ा निवासी परसादी (19) के रूप में हुई है। परसादी रक्षाबंधन के दिन पतेली खेड़ा पुल पर मिठाई लेने गया था। वहां से वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की। पता न चलने पर पिता शिवरतन ने बुधवार को बेहटा मुजावर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बृहस्पतिवार सुबह करीब 8 बजे गांव पेसारी के दो युवक दिलीप और संदीप पत्ते तोड़ने गए थे। उन्होंने रामचंद्र के बाग में एक शव लटका देखा। उन्होंने प्रधान कमल किशोर को सूचना दी। प्रधान ने पुलिस को बताया। मृतक मुंबई में गमले के कारखाने में मजदूरी करता था। वह पिछले 6 महीने से गांव में था। परिवार में पांच भाई और दो बहनें हैं। परसादी चौथे नंबर का था। उसकी मां शिवकली सहित सभी परिजन शोक में डूबे हैं। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना सिंह ने बताया कि अभी तक परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी को लेकर पुलिस ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। बुधवार शाम से देर रात तक पुलिस ने व्यापक पैदल गश्त और फ्लैग मार्च किया। क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बड़ा चौराहा से अभियान शुरू किया। टीम ने दुकानदारों और राहगीरों से संवाद किया। इसके बाद कसाई चौराहा और रेलवे स्टेशन तक पैदल मार्च किया गया। रेलवे स्टेशन पर डॉग स्क्वॉड की मदद से विशेष जांच की गई। ट्रेनों के कोच, प्लेटफॉर्म और वेटिंग एरिया की जांच हुई। होटल और ढाबों में भी देर रात तक चेकिंग जारी रही। क्षेत्राधिकारी ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। त्योहारों के दौरान आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जाएगी।व्यापारियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। उनका कहना है कि इससे लोगों का मनोबल बढ़ता है। बाजार में पुलिस की मौजूदगी से खरीदारी करने आए लोग भी सहज महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि त्योहारों के दौरान शहर के हर हिस्से में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है।

## डाक्टर ने मरीज को किया वापस, विधायक ने कराया भर्ती

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला अस्पताल में एक मरीज को इलाज से मना करने का मामला सामने आया है। पचोड्डा निवासी नकारे लोधी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया था। यहां डॉक्टर ने उसका इलाज करने से मना कर दिया। मरीज और उसके परिजन ग्लूकोज की बोतल लेकर विधायक आशुतोष शुक्ला के आवास पहुंचे। विधायक तिरंगा यात्रा से लौटे ही थे। वे तुरंत मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर से बात कर इलाज शुरू करवाया।विधायक ने डॉक्टर को समझाया कि उन्हें समाज में दूसरे भगवान का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को इलाज मिले। डॉक्टर की थकान किसी की जान के साथ खिलवाड़ का कारण नहीं बन सकती। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन को मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार और त्वरित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों ने विधायक के त्वरित कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का मौके पर पहुंचना और समस्या का समाधान करना जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दिखाता है।



# अनियंत्रित पिकअप लोडर ने दो युवती समेत एक किशोरी को मारी टक्कर




अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर मियागंज सफीपुर मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप लोडर चालक ने दो युवती और किशोरी सहित तीन को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां से तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया आसीवन तरफ नई बस्ती गांव निवासी किरन 18 पुत्री प्रकाश, शशि 20 पुत्री कृपा शंकर, साधना 15 पुत्री विनोद तीनों गुरुवार दोपहर बाद खेतों की ओर पैदल जा रही थी अभी तीनों मियागंज सफीपुर मार्ग पर गांव की मोड पर पहुंची थी कि सफीपुर की ओर जा रहे पिकअप लोडर चालक ने टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कई गांवों के चारों ओर भरा पानी, ग्रामीणों में भय व्याप्त



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में गंगा जी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के गंगा कटरी के करीब दो दर्जन गांव के लोग लगातार बढ़ते जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। कई गांवों के चारों ओर पानी भर चुका है अभी गांव में पानी नहीं पहुंचा है। बढ़ते जल स्तर को लेकर सजगता बढ़ गई है।इसलिए लोग अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। क्षेत्र के गांव सहारिया बंगला और कबूल पुर मार्ग पर पानी धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है। कुशेहर बंगला के पास गांव के बाहर लोगों ने बांध बना दिए हैं जिससे पानी रोका जा सके। उधर रुस्तम पुर, चौगवा, कटरी गदन पुर आहार, हिंदूपुर, बहेलवा , शातिर बंगला, मन्ना नगर , लौकिहा , बद्री पुरवा, धन्ना पुरवा अर्जुन पुर आदि गांवों के पास तक पानी पहुंच रहा है। लगातार बढ़ रहे जल स्तर से खरीफ की फसल उगाने वाले किसानों की चिन्ता बढ़ गई है।

## चोरी की बाईकों समेत दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की दो मोटरसाइकिलों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्नाव लालगंज हाइवे के कोलुहागाड़ा अंडरपास के समीप चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए रोक कर जब बाइक के कागजात चेक किए तो दोनों बाइक चोरी की निकली ।पकड़े गए सदर कोतवाली के गुलाब खेड़ा निवासी पंचू व पुरवा कोतवाली के कटेहरी निवासी प्रताप ने बताया कि दोनों बाइक गदन खेड़ा चौराहे से चोरी की थी जिसमे एक डीह निवासी संतोष कुमार की है। जबकि दूसरी अजगैन के कन्हैया खेड़ा निवासी बच्चू लाल की है । जिनकी उन्नाव कोतवाली में रिपोर्ट अंकित हैं ।पुलिस ने दिनों आरोपियों को चोरी की धाराओं के तहत जेल भेजा है।

# सड़कों पर घूम रहे आवारा गौवंश को लेकर एसडीएम ने जारी की नोटिस

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। मीडिया ग्रुप में चली खबर ₹नगर पंचायत पुरवा में गौवंश सड़कों पर रहने को मजबूर₹ का संज्ञान लेते हुए एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने नगर पंचायत को आड़े हाथों लेते हुए नोटिस जारी की है। स्थानीय कस्बा के सभी प्रमुख मार्गों पर छुट्टा पशुओं का बोलबाला है। नगर में करोड़ों की लागत से बनी कान्हा गौशाला होने के बावजूद छुट्टा मवेशी मुख्य मार्गों पर विचरण करते देखे जा सकते हैं। बीते दिवस पुरवा मौरावां मुख्य मार्ग पर बड़े वाहन से टकराकर मरने वाले कई गौवंश स्थानीय राहगीरों ने देखा। तत्पश्चात मीडिया ग्रुपों में चली खबर ₹नगर पंचायत पुरवा में गौवंश सड़कों पर रहने को मजबूर, कान्हा गौशाला बनी शोपीस₹ का त्वरित संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पुरवा को नोटिस जारी कर कड़े लहजे में हिदायत दी। उन्होंने ईओ को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल घटना का संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही की जाए। आपको बता दें कि पुरवा मौरावां मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट पर दो गौवंश मृत पाए गये थे। इसके पहले भी छुट्टा गौवंश के विचरण का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने नगर पंचायत को निर्देशित किया था। साथ ही उन्होंने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर उचित निर्देश भी दिए थे। लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही के चलते छुट्टा मवेशियों का झुण्ड प्रमुख मार्गों पर दिखाई दे जाएगा। इस बार एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

## जहरीले कीड़ा के काटने से किशोर की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत एक किशोर को घर मे खेलते समय जहरीले कीड़े ने काट लिया। इलाज दौरान किशोर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना बिहार के दलन खेडा मजरे वाजिदपुर निवासी आयुष गौतम पुत्र बबलू उम्र 13 वर्ष बुधवार दोपहर 2 बजे अपने घर मे खेल रहा था। खेलने के दौरान किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। आयुष दर्द से कराहने लगा। परिजनों को जब जानकारी हुई तब आनन-फानन में प्रधान पंकज सिंह के सहयोग से पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहा डॉक्टरों ने सौ बेड शैया बीघापुर रिफर कर दिया ।जहा उपचार दौरान ही उसकी मौत हो गयी। उसकी मौत होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्तपताल भेज दिया। दिवंगत का एक बड़ा भाई अनमोल व छोटी बहन अलका है। माँ सीमा देवी अपने पुत्र की मौत सुन बेहाल हो गयी।



# जहरीले कीड़े के काटने से नवविवाहिता की मौत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना औरास क्षेत्र के एक गांव में कमरे की सफाई कर रही विवाहिता को अचानक जहरीले कीड़े ने काट लिया।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान उसकी देर रात मौत हो गई। औरास थाना क्षेत्र के लोधई गांव निवासी देवेंद्र की 25वर्षीय पत्नी शिल्पी बुधवार शाम चार बजे अपने घर के अंदर कमरे की सफाई कर रही थी।इसी बीच अचानक सर्प ने उसे काट लिया।जिससे महिला की तबियत बिगड़ने लगी।सर्प दंश की घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई।तबियत बिगड़ते देख परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी औरास लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान देर रात महिला की मौत हो गई।मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक महिला की शादी 23फरवरी 2025 को ही हुई थी।











# अगर भारत हर क्षेत्र में मजबूत हो जाता है, तो दुनिया उसकी बात सुनेगी

## गडकरी ने देश को महाशक्ति बनाने की वकालत की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उद्योग बनकर उभरा है। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में अमेरिकी ऑटोमोबाइल उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपये का है, इसके बाद चीन का 49 लाख करोड़ रुपये और भारत का 22 लाख करोड़ रुपये का स्थान है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल उद्योग ने अब तक चार करोड़ 50 लाख रोजगार सृजित किए हैं। इसके अलावा नितिन गडकरी ने भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने की बात भी कही। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को एक महाशक्ति और विश्वगुरु बनाने की वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर भारत हर क्षेत्र में मजबूत हो जाता है तो दुनिया निश्चित रूप से उसकी बात सुनेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नागपुर में राष्ट्र निर्माण समिति (सामाजिक संगठन) द्वारा आयोजित अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा, हम इस दिन को याद करते हैं क्योंकि इसी दिन 1947 में देश दो हिस्सों में बंट गया था - भारत और पाकिस्तान। हम सभी एक मिशन के रूप में स्वीकार करते हैं कि हमारे देश का विभाजन अस्वाभाविक था और एक दिन हमारा देश अखंड हो जाएगा, यही संकल्प हम आज इस कार्यक्रम में लेते हैं। उन्होंने भारत की विविधता में एकता और देश के सशस्त्र बलों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था एवं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने का संकल्प लिया है।










# कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबने से वृद्ध की मौत


मृतक सुन्दर लाल फाइल – फोटो

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच बृहस्पतिवार को घर की कच्ची दीवार भरभरा कर अचानक गिर गई। मलबे के नीचे दबकर माल थाना क्षेत्र के आदमपुर निवासी वृद्ध सुंदरलाल (60) की मौत हो गई। बेटे लवकुश ने बताया कि घर के एक हिस्से में कच्ची दीवार के किनारे छप्पर पड़ा था। पिता सुंदरलाल छप्पर में ही रहते थे। पिता बाग से लकड़ियां बिनकर लखनऊ ले जाकर वहां बेचते थे। पिता छप्पर के नीचे ही सो रहे थे। लवकुश और उनकी पत्नी चांदनी कमरे में थी। इस बीच बारिश के चलते कच्ची दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। आवाज सुनकर वह भागकर छप्पर के पास पहुंचे थे तो देखा कि दीवार गिरी हुई थी।

पिता सुंदरलाल मलबे के नीचे दबे थे। पड़ोसियों की मदद से मलबे को हटाकर सुंदरलाल को बाहर निकाला तो वह बेसुध अवस्था में थे। तुरन्त आनन फानन में माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान सुंदरलाल की मौत हो गई। सुंदरलाल की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक के परिवार में बेटा लवकुश, दो बेटी विवाहित संगीता, शर्मी हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।


# अस्पताल जाने वाले रास्ते पर भरा पानी, मरीज परेशान



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लगातार हो रही तेज बारिश के चलते सीएचसी मार्ग पर भरा पानी मरीजों को उपचार के लिए बारिश से भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। कुछ मरीज बिना उपचार कराए ही वापस लौट गए। मलिहाबाद नगर पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किनारे बना तालाब लगातार हो रही बारिश से उफना हो उठा जिससे अस्पताल मार्ग व परिसर में भी भरा पानी। अगर देर रात हुई बारिश तो चिकित्सकों, फार्मासिस्ट और डिलीवरी कक्ष समेत अन्य कमरों में पानी भरने के आशंका सताने लगी है। बृहस्पतिवार को सीएचसी पर पहुंचे मरीजों को पानी भरा देखकर वापस लौटना पड़ा। मरीजों को पानी में करंट उतरने की भी आशंका सताने लगी है। मलिहाबाद नगर पंचायत की गलियों तक जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. बारिश के कारण सड़कें कीचड़मय हो गईं, और जगह-जगह पानी भराव से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ. ट्यूशन पढ़ने वाले बच्चे, स्कूल जाने वाले छात्र, और ऑफिस-कर्मी जलजमाव के बीच किसी तरह रास्ता पार करते नजर आए। इस संबंध में मलिहाबाद नगर पंचायत ईओ राजकुमार चौधरी ने बताया कि पंपिंग सेट के माध्यम से पानी निकाला जा रहा है।



## सम्पादकीय

# आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चले

भारत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का हिदायत भरा निर्देश स्वागत योग्य है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश भर में लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं। यह राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान देशभर में चलना चाहिए। सभी राज्य सरकारों को चाहिए वे खूंखार हो रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाएं। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के इलाकों से सभी आवारा कुत्तों को उठाने व उन्हें आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। कोर्ट ने चेतावनी भी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके खिलाफ अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। दरअसल, पशु संरक्षण के नाम पर चल रहे कई संगठन व व्यक्ति आवारा कुत्तों व बंदरों के खिलाफ प्रशासनिक एक्शन में अवरोध पैदा करते रहे हैं। देश की सड़कों, गलियों को आवारा कुत्तों व बंदरों से सुरक्षित बनाना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि भारत में हर साल रेबीज़ से लगभग 20,000 लोगों की मौत होती है। यह दुनिया भर में रेबीज़ से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत है। 20 लाख से अधिक कुत्ते काटने के मामले सामने आ चुके हैं। भारत में रेबीज़ साइलेंट किलर रोग के रूप में उभर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कथित पशु प्रेमियों व पेट एक्टिविस्टों को आईना भी दिखाया है कि क्या पशु कार्यकर्ता और 'कथित पशु प्रेमी' उन बच्चों को वापस ला पाएंगे जो रेबीज़ का शिकार हो गए। खास बात है कि उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई को इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, अब उसी पर सुनवाई हो रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया है कि दिल्ली सरकार चरणबद्ध तरीके से आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय स्थल भेजेगी। न्यायालय ने आदेश दिया है कि कुत्तों के लिए आश्रय स्थलों में पर्याप्त कर्मचारी हों, जो कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करें। इन केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी कुत्ता न तो छोड़ा जाए या बाहर ले जाया जाए। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और गुरुग्राम, नोएडा एवं गाजियाबाद के नगर निकायों को सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया है। दुनिया में आवारा कुत्तों के हमलों की सबसे ज्यादा संख्या भारत में होती है। भारत में रेबीज़ से होने वाली मौतों के सबसे ज्यादा मामलों के साथ-साथ दुनिया में आवारा कुत्तों और बिल्लियों की संख्या भी सबसे ज्यादा है। पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2001 के मुताबिक, आवारा कुत्तों को मारा नहीं जा सकता, केवल नसबंदी की जा सकती है। नगर पालिकाओं के पास आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए पैसे की कमी होती है। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र में आवारा कुत्तों की संख्या सबसे ज्यादा है। बिहार सरकार ने पाया कि आवारा कुत्तों का काटना राज्य में बीमारी का तीसरा बड़ा कारण है। आवारा कुत्ते राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों, बफर ज़ोन और संरक्षित क्षेत्रों में लुप्तप्राय प्रजातियों और पशुधन को मार देते हैं। किसानों ने शिकायत की है कि आवारा कुत्ते उनके पशुधन को मार देते हैं। आवारा कुत्तों के हमले कई कारकों का परिणाम हैं, जिनमें सरकार और पशु कल्याण संगठनों की लापरवाही और व्यक्तिगत उदासीनता शामिल है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी (डब्ल्यूपीएसआई) ने आवारा कुत्तों के खतरे को समाप्त करने के लिए सख्त कार्रवाई का आह्वान किया है।

## 'वोट चोरी' मुद्दा

डॉ. घनश्याम बादल



# खतरनाक मोड़ पर आरोपों की राजनीति

कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी ने प्रेस कांफ्रेंस करके जिस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए हैं वें काफी सनसनीखेज हैं। इन आरोपों के माध्यम से राहुल गांधी ने अपना तथा कथित 'एटमबम' फोड़ा है जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि इस बम के फटते ही चुनाव आयोग उड़ जाएगा। 2024 के लोकसभा के चुनावों से ही राहुल गांधी काफी 'लाउड पॉलिटिक्स' कर रहे हैं । वे लगातार भाजपा मोदी एवं चुनाव आयोग तथा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं । एक तरह से उन्होंने आरोपों की छड़ी लगा रखी है और चुनाव आयोग तथा सरकार के प्रति जनता में वे एक अविश्वास की भावना पैदा करने में लगे हुए हैं। विपक्षी नेता होने के नाते यह बहुत स्वाभाविक है और यह भी सच है कि सत्ता पक्ष के नेता भी राहुल गांधी को उकसाने और कोसने व खिझाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उनके जाल में फंस राहुल गांधी अति उत्साह में भी कुछ ऐसी बातें कह जाते हैं कि हंसी के पात्र बन जाते हैं। 54 साल के राहुल की ऐसी बड़बोलेपन की टिप्पणियां उन्हें मीडिया में उपहास का पात्र भी बनवा देती हैं । इसके कई उदाहरण पिछले समय में देखने को मिले हैं जैसे लोकसभा में अपने भाषण के तुरंत बाद अपने ही एक साथी की तरफ देखकर अति उत्साह में संसद में आंख मारना, मैं और मैं संसद में बोलूंगा तो मोदी टिक नहीं पाएंगे, चौकीदार चोर है, नरेंद्र सरेंडर और ऐसे ही दूसरे वक्तव्यों से राहुल गांधी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हुआ है।

लेकिन इस बार जब बिहार में सरकार ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) का बीड़ा उठाया तब राहुल गांधी व विपक्षी दलों ने इस पर यह कहते हुए एतराज़ किया कि यह सब वोटों की चोरी के लिए किया जा रहा है । उनका आरोप है कि ऐसा इंडिया के समर्थक वोटरों को वोटर लिस्ट से हटाने एवं एनडीए समर्थकों को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए यह सब ड्रामा किया जा रहा है। जबकि इतिहास बताता है कि चुनावों से पूर्व इस प्रकार की प्रक्रिया पहले भी होती रही है। राहुल और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर बिहार की मतदाता सूची में ने केवल काटने जा रहे 65 लाख मतदाताओं की और इशारा करते हुए इस पर आपत्ति कर रहे हैं अपितु वोटर लिस्ट की अंतिम कमियां भी किनारे रहे हैं यहां एक बड़ा प्रश्न उठता है कि एक और आप महाराष्ट्र मध्य प्रदेश हरियाणा आदि राज्यों में वोटर लिस्ट की कमियों को वोटो की चोरी बताते हैं तो वहीं बिहार में जब मतदाता सूचियां में सुधार की बात आती है तब आप उसका विरोध करते हैं। राहुल लगातार ही चुनाव आयोग को घेर रहे हैं और सरकार पर भी गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मध्यप्रदेश, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र तथा हरियाणा में आशा के विपरीत परिणाम आए तो वह और भी मुखर होकर बोले। उनके अनुसार कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के चुनावों पर छह महीने उनकी टीम ने कार्य किया और पाया कि अचानक ही वोटर लिस्ट में एक करोड़ नए नाम जोड़ दिए गए हैं । इतना ही नहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने डुप्लीकेट वोटर , गलत पते वाले वोटर एवं बहुत छोटे फोटो वाले वोटर्स के साथ-साथ एक ही छोटे से घर में अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वोटर होने का प्रमाण देने वाली वोटर लिस्ट दिखाई । उन्होंने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह भी बताया कि किस तरह फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करते हुए उसमें 70 वर्षीय मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट में जोड़ने का खेल खेला गया। जबकि इस फार्म के माध्यम से केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकते हैं जो आने वाले चुनाव के समय ही 18 वर्ष की आयु के हुए हैं। यानी इस बार राहुल जो बात कर कर रहे हैं प्रमाण के साथ कर रहे हैं। यदि राहुल गांधी पर विश्वास करें तो लगता है कि वोटर लिस्ट में कमियां हैं और एक ही व्यक्ति के नाम अनेक जगहों पर भी अक्सर पाए जाते रहे हैं यानी माना जा सकता है कि इस विषय में उनके प्रमाण काफी पुख्ता हैं। लेकिन वे जिस तरह चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं वह बहुत ख़तरनाक है और यदि जैसा कि राहुल कहते हैं न्यायालय एवं चुनाव आयोग तथा सरकार एवं उनकी एजेंसियां मिलकर लोकतंत्र को चुरा रहे हैं तो फिर यह और भी चिंताजनक बात है



## विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# यूएन में सहकारिता की वैश्विक अनुगूँज

भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी। एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है।

विश्व में भारत की व्यापक छवि बन रही है। यह भारतीय नागरिकों व सरकार के लिए गर्व की बात है कि सहकारिता मॉडल पर चर्चा करते हुए भारतीय सहकारिता की प्रशंसा संयुक्त राष्ट्र में की जा रही है। हाल में संपन्न हुआ सहकारिता सम्मेलन इसका बड़ा उदहारण है। सहकारिता की संस्कृति की यह वैश्विक अनुगूँज हमारी आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगी साथ ही विश्व में अपनी स्थापनाओं के लिए भी महत्त्वपूर्ण बन सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, दुनिया के लिए सहकारी समितियां एक आदर्श हैं लेकिन भारत के लिए यह हमारी संस्कृति का आधार और जीवन जीने का एक तरीका है। प्रधानमंत्री की वही स्थापना अब संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन से स्वीकार की गई है।

संयुक्त राष्ट्र साझेदारी को प्रोत्साहन देता है। हमारे बहुपक्षीय संबंधों व बहुपक्षवाद की अवधारणाओं के लिए सयुक्त राष्ट्र की पैरवी विगत 80 वर्ष से निरंतर जारी है। सहकारिता के मूल में ही साझेदारी है। कायदे से सहकारिता जैसे उपक्रम को संयुक्त राष्ट्र द्वारा तत्परता व सक्रियता से पूरी पृथ्वी पर फैलाने की भरपूर कोशिश की जानी चाहिए थी। लेकिन विविध विषयों को केंद्र में रखकर आगे बढ़ता संयुक्त राष्ट्र सहकारिता पर उतना सक्रिय राष्ट्रों के बीच एकमत नहीं बना सका। यदि ऐसा कर सका होता तो हमारे साझा भविष्य कुछ ज्यादा समृद्ध हुए होते। समावेशी और सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने में अपने विश्वसनीय भागीदार की खोज अब संयुक्त राष्ट्र में भी है। संयुक्त राष्ट्र यह चाहता है कि भारत जैसा लोकतंत्र हमारे साथ खड़ा हो और वह हमारे सहकारिता कार्यक्रम को आगे बढ़ाए।

एक अच्छी बात यह रही कि हमारे देश के सहकारिता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस साझेदारी को स्वयं संयुक्त राष्ट्र के विशिष्ट सम्मेलन में रखी। उन्होंने बहुत साफ़ शब्दों में कहा कि सहकारिता हजारों वर्ष से भारतीय जीवन मूल्यों की आत्मा रही है। यह साझेदारी पारदर्शिता और सामाजिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित एक सांस्कृतिक चेतना है जो हमें 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जिस प्रकार एक परिवार मिलजुलकर एक दूसरे की भलाई के लिए कार्य करता है, उसी प्रकार सहकारिता भी सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। भारत के प्रधानमंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र देकर सहकारिता को एक 'जन आंदोलन' का स्वरूप प्रदान किया है। आज यह आंदोलन भारत के कोने-कोने में पहुंचकर हर गांव, हर महिला, हर युवा, हर किसान को सशक्त कर रहा है। वस्तुतः यह समष्टिगत ताकत जो सहकारिता प्रदान कर रही है, उसे अमित शाह ने स्पष्ट किया। गैर-बराबरी मिटाने के लिए सहकारिता का माध्यम इसलिए अब विश्व में ज़रूरत बनता जा रहा है।

विश्व में गैर-बराबरी के कारण भूख, गरीबी व संघर्ष के विविध स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। यदि भारत में छिड़ा सहकारिता आन्दोलन विश्व के लिए एक मिसाल बन सका तो इसमें अमित शाह का अप्रतिम योगदान इतिहास में अंकित होगा, जिसे उन्होंने कुछ वर्षों में ही भारत में उपलब्धि के रूप में हासिल किया है। यह संयुक्त राष्ट्र का एक महत्वाकांक्षी प्रयास बन सकेगा जो



कि अफ्रीकी देशों में व्याप्त असमानता को दूर कर सकता है। गैर-बराबरी के ज़ख्म को भर सकता है। आर्थिक समृद्धि के लिए नए रोडमैप दे सकता है। भारत का इसलिए यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवदान बनने जा रहा है जो कि सहकारिता आन्दोलन होगा। सहकार से समृद्धि यह नारा ही अपने आप में अद्वितीय है और यह साझेदारी से समृद्धि की नई चेतना का विस्तार है।

सहकारी समितियों की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि वे लोकतांत्रिक होती हैं। वे जनता के लिए और जनता द्वारा संचालित संस्थाएँ हैं। ये विशेषताएँ अपने आप में सहकारी समितियों को सतत विकास का एक आदर्श माध्यम बनाती हैं, जो वास्तव में लोगों की जरूरतों को प्रतिबिंबित और पूरा करती हैं। सबसे अहम बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र में हुए सम्मेलन में केन्या, कोलंबिया व मंगोलिया के राजदूत ने भारत की खूब तारीफ़ की। अगर केन्या के राजदूत के उद्बोधन का स्मरण करें तो उन्होंने कहा कि अच्छे रोजगार सृजित करने के अलावा, सहकारी समितियाँ पारंपरिक रूप से बहिष्कृत समूहों जैसे महिलाओं, युवाओं, वृद्धों, विकलांग व्यक्तियों और स्वदेशी लोगों के लिए परिणामों में सुधार करके सामाजिक समावेशन और भूख व गरीबी उन्मूलन में भी योगदान देती हैं। भारत का एक आदर्श उदाहरण सामाजिक-एकजुटता व एकजुट अर्थव्यवस्था की सफलता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करने की दिशा में इसे प्रदर्शित करता है।

सच यह है कि भारत की जनसँख्या इन्डियन डिविडेंड है। भारत में अभी 840,000 से ज़्यादा सहकारी समितियाँ हैं जिनके 32 करोड़ से ज़्यादा सदस्य हैं। यह संख्या जैसे जैसे बढ़ेगी, भारत के सहकारिता को बल मिलेगा। भारत में अभी एक सहकारिता विश्वविद्यालय है, आने वाले समय में इसकी संख्या जब कम से कम पांच हो जाएगी, तो भारत का सहकारिता मानव संसाधन पूरे विश्व में सर्वोत्तम परिणाम दे सकेगा। हमारे देश की लीडरशिप आज इतनी मजबूत है जो इसे करेगी भी। बेहतर दुनिया बनाने हेतु सच में संकल्प से सिद्धि एक माध्यम है। भारत की लीडरशिप इसके लिए सतत प्रयास कर रही है। आज जब एसडीजी-2030 के लक्ष्य को वैश्विक स्तर पर हासिल करने की बात की जा रही है तो भी भारत की ओर दुनिया रुख कर रही है। आईएलओ की प्रतिनिधि ने भारत की प्रशंसा इस बात पर की कि भारत ने सहकारिता व सहकारी समितियों को पहचाना। उसने इसे महत्व दिया व इसे एकजुट किया। भारत में सहकारिता को प्रमुखता दी जा रही है, इसे गरीबी उन्मूलन के उपादान के तौर पर प्रतिष्ठित की जा रही है। यही कारण है कि इसकी संयुक्त राष्ट्र में अनुगूँज सुनाई पड़ रही है। इस प्रशंसा से यह एहसास होता है कि सच में भारत ने कुछ किया है, कुछ विशेष अचीव किया है।

विश्व में अभी प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नए युग के लिए संभावित कदमों की पहचान करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर विचार किया जा रहा है। अभी भी विश्व के सभी देश सहकारिता को अपने देश के विकास का हिस्सा नहीं मान रहे हैं, अपितु वे यह विश्वास कर रहे हैं कि वे अचानक से वह सब हासिल कर लेंगे जो सहकारिता के बिना भी संभव है। भारत का अभिप्राय है ही है कि वह सम्पूर्ण विश्व को प्रभावित करके सबको विकास व आत्मबोध के प्रकाश से भर दे। यदि विश्व में सहकारिता के विकास के लिए भारत सरकार सहकारिता पैरोकारों को तैनात करे तो निश्चय ही यह उसकी ओर से वैश्विक बदलाव की दिशा में अप्रतिम व महत्वाकांक्षी योजना सिद्ध होगी। इससे विश्व में सहकारिता के लिए भारत की देशों के स्वभाव परिवर्तन की एक नई गाथा ऐतिहासिक रूप से अंकित होगी।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित

## दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

# शिव जी के अंशावतार हैं हनुमान जी




संकलित

## प्रेरणा

शिव जी के 19 अवतारों में से एक अवतार है हनुमान। इसे शिव जी का अंशावतार माना जाता है। त्रेता युग में जब रावण का आतंक बढ़ गया, तब विष्णु जी राम अवतार लेने वाले थे। उस समय सभी देवताओं ने श्रीराम की सेवा और मदद करने के लिए अलग-अलग अवतार लिए थे। शिव जी ने श्रीराम के परमभक्त हनुमान जी के रूप में अवतार लिया था। जब श्रीराम अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे। उनका यज्ञ घोड़ा घूमते-घूमते देवपुर नगर पहुंचा। उस नगर के राजा थे वीरमणि। वीरमणि शिव भक्त थे। राजा के पुत्र रुक्मांगद ने यज्ञ के घोड़े को बंदी बना लिया था। जब ये बात जब श्रीराम के भाई शत्रुघ्न को मालूम हुई तो उन्होंने देवपुर पर आक्रमण कर दिया। शत्रुघ्न और वीरमणि की सेना का युद्ध शुरू हुआ तो हनुमान जी भी वीरमणि की सेना खत्म करने लगे। राजा की हार होती देखकर शिव जी राजा की ओर से युद्ध करने लगे। युद्ध में जब शिव जी और हनुमान जी का सामना हुआ तो हनुमान जी ने उनसे पूछा कि आप तो राम भक्त हैं। फिर हमसे युद्ध क्यों कर रहे हैं। शिव जी ने कहा कि मैंने राजा वीरमणि को उसके राज्य की रक्षा करने का वचन दिया है इसलिए मुझे राजा की ओर से युद्ध करना पड़ रहा है, वह मेरा प्रिय भक्त है। शिव जी और हनुमान जी के बीच युद्ध हुआ, लेकिन जब शिव जी पराजित नहीं हुए तो उन्होंने श्रीराम का स्मरण किया। जब श्रीराम युद्ध में पहुंचे तो शिव जी राजा वीरमणि के साथ श्रीराम की शरण में चले गए। इस तरह ये युद्ध शांत हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी बोलने में शर्म कैसी?

हमें अंग्रेजी बोलने में शर्म इसलिए आनी चाहिए क्योंकि जिन अंग्रेजों ने हमारे देश पर वर्षों राज कर देश को आर्थिक रूप से बर्बाद कर दिया, हम हिंदुस्तानियों पर ज़ुल्म ढाहे, आज आजाद देश में हम उनकी भाषा को मान-सम्मान देते हैं, इसे प्रयोग करने में गर्व महसूस करते हैं। आज हम भारतीयों में से बहुत से लोग अपनी हिंदी भाषा को बोलने में शर्म महसूस करते हैं, जबकि हमारे देश को आजाद करवाने वाले देशभक्तों और महापुरुषों ने हिंदी बोलने में अपनी शान समझी। उन्होंने इसके विस्तार के लिए काम भी किया। महात्मा गांधी ने हिंदी के लिए कहा था कि, परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसे जनता का अधिकतम भाग पहले से ही जानता-समझता हो। हिंदी इस नजर से सर्वश्रेष्ठ है।

*-परेश राजपूत, भिलाई*

## करंट अफेयर

# नासा की योजना चंद्रमा पर परमाणु रिएक्टर बनाने की

चंद्रमा पर उतरना, वहां ध्वज फहराना, वहां की मिट्टी अनुसंधान के लिए लाना अब पुरानी बात है। अब नई अंतरिक्ष दौड़ पृथ्वी के इस इकलौते उपग्रह पर स्थायी निर्माण और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर शुरू हो गई है, जिसमें परमाणु ऊर्जा संयंत्र अहम भूमिका निभा सकते हैं। खबरों की मानें तो अप्रैल 2025 में चीन ने वर्ष 2035 तक चंद्रमा पर परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने की योजना पेश की थी, जो उसके प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र को ऊर्जा देगा। इसके जवाब में अगस्त में अमेरिका के कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन डफी ने कहा कि अमेरिका वर्ष 2030 तक चंद्रमा पर अपना परमाणु रिएक्टर चालू कर सकता है।



## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है

रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है – और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा: 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)।



## ट्रेंड

### योगदान को महत्व

हमारी सरकार भारत के विकास में बेंगलुरु के योगदान को बहुत महत्व देती है और हम इस महान शहर के बुनियादी ढाँचे को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभान्वित करेगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### लोकतंत्र कलंकित

संसद के सत्र के दौरान मतदाता सूची से लाखों मतदाताओं का नाम हटाने के मामले में 300 सांसदों से चुनाव आयोग का मिलने से इनकार करना, व पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार के बाद उनको हिरासत में लिए जाना, निंदनीय व दुर्भाग्यपूरण घटना है, जिसने भारतीय लोकतंत्र को कलंकित किया है।


-आनंद शर्मा, कांग्रेस नेता



### अस्मिता के आधार

भारत की अस्मिता के दो उज्ज्वल आधार हैं- संस्कृति और संस्कृत। संस्कृत केवल भारतवर्ष की ही नही, अपितु समस्त विश्व की आद्य, प्राचीन और देव भाषा है। यह वह अमृतधारा है, जिससे अनादिकाल से समस्त सभ्यताओं ने ज्ञान-विज्ञान का पान किया।

- अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### त्योहार मनाया जाए

हर साल की तरह इस बार भी रीमा भाभी ने अपनी तरफ से और मेरी सारी बहनों की तरफ से मुझे राखी बाँधी।बहुत ही सुखद अनुभूति होती है जब परिवार के सभी सदस्यों के बीच में त्योहार मनाया जाए।

- अनुपम खेर, अभिनेता



## संक्षेप

### नवनीत हत्याकांड में साजिशकर्ता अरेस्ट

**प्रेमिका के पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बेटा अभी फरार**

सुलतानपुर, नवनीत कोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। कुड़वार पुलिस ने हत्या की साजिश में शामिल आरोपी शिव लाल को गिरफ्तार कर लिया है। शिव लाल मुख्य आरोपी रजनीश का पिता है।घटना कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा परसुरामपुर में हुई। नवनीत कोरी जब सुबह खेत में शौच के लिए गया था, तब रजनीश ने उसे गोली मार दी।इसके बाद वह अपने साथियों के साथ बुलेट पर फरार हो गया।मृतक की प्रेमिका शिवानी ने बताया कि तीन महीने पहले उसने नवनीत के साथ भागकर शादी की थी।तभी से उसका भाई रंजिश रख रहा था। मृतक की बहन ने रजनीश को भागते हुए देखा था।मृतक के भाई आनंद ने रजनीश और उसके पिता शिव लाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। एसओ अमित मिश्रा के अनुसार, आरोपी शिव लाल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।मुख्य आरोपी रजनीश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### स्कूल में एक महीने में दूसरी बार चोरी

**भतेड़ा कंपोजिट विद्यालय में गायब हुआ सिलेंडर, पुलिस कर रही मामले की जांच**

सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में स्थित भतेड़ा कंपोजिट विद्यालय में सोमवार रात चोरी हुई। चोरों ने स्टोर रूम का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चुरा लिया।शिक्षण कार्य के लिए पहुंचे स्कूल कर्मियों को चोरी का पता चला।विद्यालय प्रधानाचार्य और ग्राम प्रधान ने डायल 112 पर सूचना दी। इसके बाद कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई।प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक महीने पहले भी इसी स्कूल में चोरी हुई थी।तब चोर स्टोर रूम से गैस सिलेंडर और स्टेबलाइजर ले गए थे।इस मामले में शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।इससे चोरों के हौसले बुलंद हुए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने कहा कि विद्यालय में हुई चोरी की शिकायत मिली है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बंदर की मौत पर अनूठी पहल

**हिंदू रीति-रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार, तेरहवीं में जुटे आसपास के गांव के लोग**

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील स्थित ग्राम पंचायत परसपुर में एक अनोखा आयोजन देखने को मिला। यहां एक बंदर की मौत के बाद पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।परंपरा के अनुसार 13 दिन बाद तेरहवीं का आयोजन भी किया गया।इस धार्मिक कार्यक्रम में परसपुर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में बच्चे और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार तिवारी, राम सुरेश तिवारी, महेंद्र कुमार पांडे, शिव शंकर मिश्रा, राम निधि मिश्रा, अनमोल और राधे रमण सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे। सभी ने बजरंगबली के नाम पर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया और जयकारे लगाए।

## राजकीय पॉलिटेक्निक में अनुरागिनी संस्था द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**सैकड़ों युवाओं ने नशा न करने की ली शपथ**

अमन लेखनी समाचार

उरई, जनपद की प्रमुख सामाजिक संस्था अनुरागिनी एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक उरई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और आम जनमानस को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।।इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय. विश्वविद्यालय की स्थानीय केंद्र की प्रमुख से दीदी मीना ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह परिवार और समाज की खुशहाली को भी नष्ट करता है। ब्रह्मकुमारी सरिता ने राजयोग मेडिटेशन और आत्मशक्ति को बढ़ाने के तरीकों पर प्रकाश डाला, जिससे व्यक्ति नशे के प्रलोभन से बच सकता है।राजकीय पॉलिटेक्निक उरई के प्राचार्य नीरज जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शैक्षणिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले मूल्यों को भी छात्रों तक पहुँचाना है।उन्होंने नशा मुक्ति को एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र निर्माण की नींव बताया। अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा नशा केवल व्यक्ति की सेहत को नहीं, बल्कि उसकी सोच, सपनों और भविष्य को भी नष्ट कर देता है। आज की युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि नशे से दूरी ही असली ताकत है। संस्था गांव-गांव और स्कूल-कॉलेजों में जाकर जागरूकता फैलाने का काम कर रही है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ नशामुक्त और सशक्त बन सकें।जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, जालौन की




जिला सलाहकार तृप्ति यादव ने तंबाकू, गुटखा, सिगरेट और अन्य मादक पदार्थों से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों और समय से पहले मृत्यु के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए जन-जागरूकता को सबसे प्रभावी उपाय बताया।मनोवैज्ञानिक महेश कुमार ने विद्यार्थियों को समझाया कि नशा अक्सर मानसिक तनाव, अवसाद और गलत संगत के कारण शुरू होता है। ब्रह्माकुमार बृजभान ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने के तरीके बताए।अनुरागिनी संस्था से धर्मेंद्र सिंह, प्रद्युम्न सिंह एवं नितिन कुमार सैनी ने संस्था द्वारा नशा मुक्ति के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी।कार्यक्रम में उपस्थित 147 प्रतिभागियों को डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से पोषण रास वितरित किया गया,कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए शपथ ली।यह संकल्प लिया गया विभागाध्यक्ष प्रतिभा ने सभी अतिथियो का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर राहुल सोनकर ऋषि कांत त्रिपाठी गौतम प्रताप संतोष प्रजापति प्रकाश गुप्ता ज्ञान सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## ऐतिहासिक विशाल बाईक तिरंगा यात्रा रैली का हुआ भव्य स्वागत

**विधायक पुत्र राहुल राजपूत के नेतृत्व में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा**

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय(झांसी)- हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा का गरौठा विधानसभा में मोठ से शुभारंभ किया गया।ऐतिहासिक विशाल बाईक रैली का नेतृत्व गरौठा विधायक पुत्र राहुल राजपूत ने किया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी राहुल राजपूत रहे। यह यात्रा मोठ से प्रारंभ हुई और इसका समापन गरौठा में किया गया।यह यात्रा मोठ,समथर,पूँछ,एरच से गुरसराय पहुंची जहाँ गुरसराय में मोदी चौराहे पर युवा समाजसेवी मोहनीश अग्रवाल द्वारा बुलडोजर से पुष्प वर्षा की गई एवं विधायक पुत्र राहुल राजपूत को पगड़ी माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया।जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकताओं का जनसैलाब उपस्थित रहा। बाइक पर सवार कार्यकताओं द्वारा भारत माता की जय के नारों के साथ अमर शहीदों को याद किया गया। बाइक रैली में सम्मिलित सभी पार्टी कार्यकताओं व जन समुदाय को राहुल राजपूत द्वारा संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने उभरते हुए नए भारत की सशक्तिकरण पर देश की रक्षा नीतियों को सराहा। रैली का समापन गरौठा पटेल गार्डन में पार्टी कार्यकताओं का जलपान एवं स्वागत किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहनीश अग्रवाल का गुरसराय में भव्य स्वागत रहा। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता नितिन मिश्रा, रामजी सोनी, ललित पटेल,मुन्नी दाऊ,लक्ष्मण दाऊ,प्रतीक जैन,केशवेंद्र राजा,रवि जैन,आशु मोदी,रानू मिश्रा,नरेंद्र राजपूत,अमित भरोसा,शैलेंद्र राजपूत सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गुरसरांय पुलिस एवं एस ओ जी टीम की बदमाशों से हुई मुठभेड़

**दो ट्रैक्टर व एक ट्रॉली सहित 4 बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली**

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झांसी। विगत दिनों गुरसरांय थाना क्षेत्र के गरौठा रोड व ग्राम कुरैठा से अज्ञात चोरों द्वारा 2 ट्रैक्टर व 1 ट्राली चोरी कर ली गई थी। जिसको लेकर गुरसराय पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था एवं पुलिस चोरों की तलाश में लगी हुई थी। तभी मुखबिर की सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी के ट्रैक्टर को लेकर कही बेचने जाने बाले है। तभी मोंठ रोड इंदी के पास पुलिस एसओजी टीम को देखकर बदमाश भागने लगे और पुलिस टीम के ऊपर फायर कर दिया।बचाव में पुलिस टीम द्वारा भी फायरिंग की गई जिसमें राजा बाबू उर्फ कृष्णकांत पुत्र अशोक कुमार निवासी मुहल्ला खुशीपुरा थाना टोडी फतेहपुर उम्र 21 वर्ष के पैर में गोली लग गई। व छोटू रायकवार




(21) संगीत अहिरवार (22) ब्रजेन्द्र कोरी उम्र (23) सभी निवासी ग्राम मथनियां थाना गरौठा को गिरफ्तार किया गया।बदमाशों के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस व तीन खोखा कारतूस बरामद हुए। पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष गुरसरांय वेद प्रकाश पांडेय, उपनिरीक्षक ब्रजेश भार्गव, अशोक कुमार, सूर्यकांत त्रिपाठी, कॉन्स्टेबल कृष्ण मुरारी, आशीष कुमार, मंजेश शामिल रहे।

## संघर्ष सेवा समिति द्वारा विशेष आकर्षणों के साथ जनपद की विशालतम तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**अनगिनत वीरों की कुर्बानियां से मिली आजादी के मूल्यों को पहचानें, देश की एकता, अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखें- डॉ० संदीप**

अमन लेखनी समाचार

झाँसी।स्वतंत्रता दिवस हमारे देश के इतिहास का सबसे गौरवशाली दिन है, क्योंकि 15 अगस्त को भारत ने ब्रिटिश शासन से आजादी प्राप्त की। यह आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, त्याग और संघर्ष का परिणाम है। अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का उपहार दिया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर संघर्ष सेवा समिति के तत्वाधान में विगत वर्षों की तरह इस बार भी विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।तिरंगा यात्रा सुबह 10:00 बजे एस एम टावर झोकन बाग से प्रारंभ होकर सैयर गेट, मिनर्वा चौराहा, रानी महल, गंज, बड़ा बाजार से सिंधी तिराहा होते हुए शहर कोतवाली के बगल में स्थित पत्रकार भवन पर स्वतंत्रता सेनानी सीताराम आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण पश्चात भोजन वितरण के साथ समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में जनपद के कई



गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चों सहित लगभग 1500 की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यात्रा में सबसे आगे आर्य कन्या महाविद्यालय से एनसीसी की छात्राओं ने लेफ्टिनेंट शारदा सिंह के निर्देशन में अनुशासित रूप से तिरंगा यात्रा की अगुवाई की, उसके पीछे सैकड़ों की संख्या में जनपद और आसपास के आदिवासी समाज के महिला पुरुष व बच्चे हाथों में तिरंगा ध्वज लिए चल रहे थे इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विशाल तिरंगा थामे हुए यात्रा की शोभा बढ़ाई।यात्रा में सबसे पीछे डॉ० संदीप सरावगी और सैकड़ो की संख्या में संघर्ष सेवा समिति के सदस्य गण ध्वज लहराते हुए भारत माता के जयकारे और हिंदुस्तान जिंदाबाद के गगनचुंबी नारों का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। यात्रा में भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई और अन्य सेनानियों का रूप लिए कई बच्चे बच्चियां घोड़े एवं बग्घियों पर सवार होकर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शीतल पेयजल, पुष्प वर्षा और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इस यात्रा का विशेष आकर्षण 100 मी० का तिरंगा रहा जिसे जवाहर पब्लिक इंटर कॉलेज व मैस्कॉट मॉडर्न स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं लेकर चल रहे थे। डीजे की धुन पर संघर्ष सेवा समिति के कार्यकर्ता एवं यात्रा में सम्मिलित लोग थिरकते हुए दिखाई दिए।यात्रा के अंत में आए हुए सभी लोगों को लंच पैकेट भी वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ० संदीप सरावगी ने कहा यह यात्रा केवल ध्वज प्रदर्शन नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और बलिदान का प्रतीक है।हमारा तिरंगा मात्र कपड़े का टुकड़ा नहीं, यह हमारे पूर्वजों के संघर्ष, बलिदान और सपनों का जीता-जागता प्रमाण है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल ध्वज लेकर चलना नहीं है, बल्कि लोगों में देश के प्रति प्रेम जगाना, भाईचारे को बढ़ावा देना और यह याद दिलाना है कि आजादी हमें यूँ ही नहीं मिली। इसके लिए अनगिनत वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। आज जब हम तिरंगे को ऊँचा उठाकर सड़कों पर निकलते हैं, तो यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक संदेश है– हम एक हैं, अटूट हैं, और सदैव देश की सेवा में तत्पर हैं। देश को आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों की कुबार्नी से मिली है हमें इसके मूल्यों को पहचानना चाहिए जिस तरह संविधान हमें मौलिक अधिकार देता है उसी तरह कुछ मौलिक कर्तव्य भी हैं जिन्हें निभाना देश के हर नागरिक का फर्ज है उसी में से एक है राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय पर्व जिनका सम्मान करना सर्वोपरि है।हमें अपने देश की धरोहरों का सम्मान करना चाहिए और जहां भी देश के लिए कुछ कर गुजरने की बात हो तो पीछे नहीं हटना चाहिए। देखा जाए तो हमारे देश का सबसे बड़ा त्यौहार स्वतंत्रा दिवस ही है जिसमें प्रत्येक भारतीय धर्म, जाति, लिंग के भेदभाव को भूलकर हर्षोल्लास के साथ इस पर्व में सम्मिलित होता है क्योंकि जहां बात देश की होती है वहां सारे भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। यात्रा के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन का विशेष सहयोग रहा एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल उपस्थित रहा। यात्रा को सफल बनाने में हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल सहित कई संगठनों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

## स्वतंत्रता दिवस के तहत निकली तिरंगा यात्रा

**बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया हिस्सा, देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, रामशाहपुर गांव में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा निकाली गई।सुबह से ही गांव के मुख्य चौराहे पर लोग राष्ट्रीय ध्वज लेकर जमा हुए।यात्रा की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में हिस्सा लिया।सभी लोग मुख्य मार्गों से होते हुए गांव के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचे। वातावरण भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुईं।

लोगों ने अपने घरों और दुकानों को तिरंगे और फूलों से सजाया।यात्रा का मकसद लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना था।कार्यक्रम का समापन गांव के प्राथमिक



विद्यालय में हुआ।यहां देशभक्ति गीत गाए गए।सभी के लिए चाय-पानी की व्यवस्था की गई।कार्यक्रम में सभी ने एक संदेश दिया कि राष्ट्र की एकता और अखंडता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

## दरोगा से मारपीट करने वाला प्रधान फरार , दबिश जारी

**अलीगढ़ में प्रधान ने समर्थकों के साथ मारपीट कर फाड़ी थी वर्दी, दरोगा थाने में ही रहेंगे तैनात**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़, दादों थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह के साथ मारपीट करने वाला प्रधान फरार है।उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने दरोगा की तहरीर पर आरोपी प्रधान और उसके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। आरोपी प्रधान ने आलमपुर चौराहे पर तैनात दरोगा के साथ जमकर मारपीट की थी और उनकी वर्दी भी फाड़ दी थी। दरोगा ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई थी।उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी थी।प्रधान की ओर से भी दरोगा पर कई आरोप लगाए गए थे, जिसकी जांच की जा रही है। दादों थाने में तैनात दरोगा राजवीर सिंह रक्षाबंधन के दिन बंदोबस्त ड्यूटी पर आलमपुर चौराहे पर तैनात थे।तभी बारिश होने लगी थी



और वह नजदीक में एक साड़ी की दुकान पर कुर्सी डालकर बैठ गए थे। इसी दौरान गांव नगरिया सिहानी के प्रधान देवेंद्र यादव अपने 10-12 समर्थकों के साथ वहां आया और मारपीट करने लगा। आरोपियों ने दरोगा के साथ जमकर मारपीट की थी।दरोगा वहां से जान बचाकर भागे थे।आरोपी उन्हें दौड़ाते हुए आलमपुर-हरदोई रोड तक ले गए थे। यहां लाठी-डंडों से मारपीट की थी।फिर आरोपियों ने उन्हें आलमपुर चौराहे पर पीटा था और वर्दी भी फाड़ दी थी।सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने घायल दरोगा को छर्रा सीएचसी में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद दरोगा ने जहां प्रधान और उसके समर्थकों के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।वहीं प्रधान ने आरोप लगाया था कि दरोगा उनके भांजे की दुकान से कम कीमत पर मोबाइल लेना चाहते थे। वह 15 हजार के मोबाइल के 10 हजार दे रहे थे। मना करने पर उन्होंने रंजिश में उनके भांजे की बाइक के बड़ी रकम के चालान किए थे।इसके बाद दरोगा के लाइन हाजिर के आदेश जारी हो गए थे।इसके बाद ऐसा लग रहा था कि इन आरोपों के चलते दरोगा को लाइन हाजिर किया गया था, लेकिन उन्हें वापस थाने में ही तैनात कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दरोगा को लाइन हाजिर नहीं किया गया है। क्लर्कियल गलती के कारण यह आदेश बन गए थे। सीओ धनंजय सिंह ने बताया कि- घटना के बाद से आरोपी

## 22 करोड़ की सड़क बदहाल

**2 साल में ही टूटी सड़क; ठेकेदार फरार, सपा करेगी धान रोपाई**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, नगर पंचायत दोस्तपुर में ब्लॉक चौराहे से कादीपुर रोड की स्थिति खराब हो गई है। पांच साल पहले लोक निर्माण विभाग ने 22 करोड़ रुपए की लागत से इस सड़क का निर्माण शुरू किया था। लेकिन निर्माण अधूरा छोड़कर ठेकेदार फरार हो गया। 15 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर कई जगह गड्ढे बन गए हैं। खराब गुणवत्ता के कारण सड़क दो साल भी नहीं टिक पाई। अभी तक यह सड़क विभाग को औपचारिक रूप से हस्तांतरित नहीं की गई है।छह महीने पहले 500 मीटर सड़क की दोनों तरफ जेसीबी से खुदाई कर दी गई।इसे आज तक नहीं बनाया गया, जिससे जल भराव की समस्या बनी हुई है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन पांडे ने कई बार पत्र लिखकर



निर्माण की मांग की है।उनका कहना है कि अगर सड़क को बनाना नहीं था तो खुदाई क्यों की गई और नगर पंचायत द्वारा लगाई गई ईंटें क्यों उखाड़ी गईं। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव एरावती शर्मा ने कहा कि पिछले पांच साल से सड़क का कार्य शुरू और बंद हो रहा है।पैसा खर्च हो रहा है, लेकिन गड्ढे नहीं भरे जा रहे।उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 16 अगस्त तक गड्ढे नहीं भरे गए तो 500 महिलाएं धान रोपाई का कार्य करेंगी।

## विकास कार्यों की समीक्षा

**मनरेगा वर्क आईडी और पौधारोपण की समीक्षा, बीडीओ ने दिए निर्देश**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी, संग्रामपुर ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह और एपीओ केदारनाथ ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सचिव, रोजगार सेवक और जेई शामिल हुए।बैठक का मुख्य एजेंडा वृक्षारोपण कार्यक्रम और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा था। अधिकारियों ने वृक्षारोपण के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। एपीओ केदारनाथ ने मनरेगा वर्क आईडी जनरेट करने का लक्ष्य निर्धारित किया।सभी सचिवों को इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने सचिवों को नए कार्यों के लिए डिमांड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## कलेक्ट्रेट से निकली तिरंगा यात्रा

**डीएम समेत अधिकारियों ने थामा तिरंगा, देशभक्ति गीतों से गूंजा शहर**

अमन लेखनी समाचार

मिर्जापुर, मिर्जापुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई।जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वे स्वयं भी राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा में शामिल हुए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यात्रा में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। डीजे पर देशभक्ति गीत बजते रहे।प्रतिभागी इन गीतों की धुन पर कदमताल करते हुए चलते रहे। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया।इसका



मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जगाना और 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था संभाली। मार्ग में खड़े लोगों ने यात्रा का स्वागत किया और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।

संक्षेप

## कार लूटने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**चाकू दिखाकर कैब चालक से गाड़ी लूटी, पूर्व मालिक के बेटे को किडनैप करने का प्लान था**

गाजियाबाद, एक बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार किया गया आरोपी कैब बुक करके लूटपाट करता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अभय के रूप में हुई है। वह गौतमबुद्धनगर के सूत्याना गांव का रहने वाला है। उसकी उम्र 20 वर्ष है। आरोपी ने अपने दो साथियों आदित्य राणा और कुणाल पंवार के साथ 8 अगस्त को नोएडा से एक कैब बुक की थी। बदमाशों ने मुरादनगर में श्री हंस इंटर कॉलेज के पास चालक मोहम्मद जाकिर को हथियार के बल पर काबू कर लिया। फिर उसे गंगनहर पटरी पर वन विभाग कार्यालय के पास ले गए। वहां चालक की गर्दन पर चाकू से वार कर कार, नकदी और दो मोबाइल लूट लिए। पूछताछ में पता चला कि आरोपी कविनगर में एक कोठी पर गार्ड की नौकरी करता था। मार्च में उसने अपने मालिक अनिल कुमार गर्ग की गाड़ी चोरी की थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया था। इस मामले में थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज है। लूटी गई वैगनआर कार से वह अपने पूर्व मालिक का अपहरण करने की योजना बना रहा था।

## बच्चों के विवाद ने पकड़ा तूल

**दो पक्षों के बीच 15 मिनट तक पथराव, कोई घायल नहीं**

मेरठ, किठौर थाना क्षेत्र के कायस्थ बढ़डा गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज हुई। इसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव करीब 15 मिनट तक चला। आमने-सामने रहने वाले दोनों पक्षों के बीच हुए इस विवाद में किसी को चोट नहीं आई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। किठौर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अभी तक किसी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## प्लंबरों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**एशियन पेंट्स और आरडब्ल्यू प्रमोशन ने 64 युवाओं को दिया सर्टिफिकेट**

मेरठ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में एशियन पेंट्स और आरडब्ल्यू प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में प्लंबरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक श्री शशिभूषण उपाध्याय ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रथम सत्र में प्रोजेक्टर के माध्यम से 64 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर के भोजन के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में एशियन पेंट्स की ओर से आकाश प्रजापति और हिमांशु शर्मा मौजूद रहे।

# ट्रंप के खिलाफ स्वदेशी जागरण मंच का प्रयागराज में प्रदर्शन

**अमेरिकी टैरिफ के विरोध में विदेशी कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, अगस्त क्रांति की स्मृति में स्वदेशी जागरण मंच (पूर्वी उत्तर प्रदेश) के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और अधिवक्ताओं ने स्वदेशी स्वीकार, विदेशी पूर्ण बहिष्कार संकल्प यात्रा निकाली और अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर 3 से शुरू होकर अंबेडकर चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के उत्पादों पर 50% से अधिक टैरिफ लगाने के फैसले ने देशभर में नाराजगी पैदा कर दी है। इसी के खिलाफ मंच के कार्यकताओं ने




नारेबाजी करते हुए विदेशी कंपनियों के बहिष्कार का संकल्प लिया। अमेरिकन कंपनियां भारत छोड़ो, बालमार्ट भारत छोड़ो और डोनाल्ड ट्रंप मुदार्बाद जैसे गगनचुंबी नारों से माहौल गूंज उठा। स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की कि वे केवल भारत में निर्मित स्वदेशी उत्पादों का ही प्रयोग करें और विदेशी ब्रांड्स से दूरी बनाएं। उनका कहना था कि यह आंदोलन केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाएं, विदेशी भगाएं आान को दोहराते हुए कहा कि यह संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपने व्यापारिक हितों और रोजगार के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। अमेरिका के बढ़े हुए टैरिफ का जवाब केवल और केवल पूर्ण स्वदेशी अपनाकर ही दिया जा सकता है। संकल्प यात्रा के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर विदेशी कंपनियों के बहिष्कार और स्वदेशी उत्पादों के अधिकतम उपयोग का संकल्प लिया।

आयोजकों ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आंदोलन होगा, जिसका लक्ष्य भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

# यूपी के प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में फीस वृद्धि पर रोक

**एमबीबीएस की फीस 14.14 लाख करने का मामला, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स की फीस वृद्धि पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने यह आदेश आन्या परवाल समेत 239 छात्रों की याचिका पर दिया है। प्रदेश सरकार ने 5 जुलाई को जारी अधिसूचना में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एमबीबीएस की ट्यूशन फीस 11.78 लाख से बढ़ाकर 14.14 लाख रुपए कर दी थी। हापुड़ के जी एस मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने इस फीस वृद्धि को चुनौती दी है। याचिकाकताओं के वकील निपुण सिंह ने कहा कि यह फीस वृद्धि मनमानी है। इस सत्र में यह दूसरी बार फीस बढ़ाई गई है। छात्र पहले ही अन्य विविध शुल्क जमा कर चुके हैं।



कॉलेज के ब्रोशर में दी गई फीस संरचना के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश मिला था। प्रदेश सरकार और निजी संस्थानों का कहना है कि फीस वृद्धि यूपी प्राइवेट प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट, 2006 के अनुसार की गई है। राज्यपाल ने शुल्क नियामक समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रतिवादियों को दो सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकताओं को एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने की अनुमति दी है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

# तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन

**करप्शन फ्री इंडिया ने सौंपा ज्ञापन, किसानों के शोषण और कर्मचारियों की लापरवाही का आरोप**

संवाददाताअमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा की जेवर तहसील में भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की लापरवाही के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने धरना प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एसडीएम अभय सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा। करप्शन फ्री इंडिया के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और दिनेश नागर ने अगस्त क्रांति के अवसर पर



तहसील तक पैदल मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि तहसील में किसानों को अपना काम कराने के लिए कई दिन तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे परेशान होकर वे रिश्वत देने को मजबूर हो जाते हैं। तहसील में तैनात लेखपाल और अन्य कर्मचारी दाखिल खारिज, खसरा खतौनी, कूरेबंदी पैमाइश और प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वत मांगते हैं। चौधरी प्रवीण ने चेतावनी दी कि अगर भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। उन्होंने तहसील में प्रार्थना पत्र की रिसीविंग के लिए अलग खिड़की की मांग भी की।

# तिरंगा महोत्सव का आयोजन

**स्कूली बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रमों से बांधा समां, तिरंगा प्रदर्शनी भी लगाई**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, नुमाइश मैदान स्थित वेरन हॉल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान और ध्वजारोहण से हुई। स्कूली बच्चों ने मंच पर देशभक्ति से भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

वीर सपूतों की शौर्य गाथा और आजादी के अमर सेनानियों को समर्पित गीतों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। बच्चों ने नृत्य, नाटक और कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की झलक पेश की। विभिन्न स्कूलों द्वारा लगाई गई तिरंगा प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी तस्वीरें दिखाई गईं। भारत के इतिहास और राष्ट्रीय ध्वज की गौरवगाथा से संबंधित मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी ने छात्रों के ज्ञान को बढ़ाया और



नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रुति और एसएसपी दिनेश कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

# बजरंग दल नेता के परिवार को धमकी

**पुलिस ने दिया कार्रवाई का आश्वासन, कहा- आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा**

अमन लेखनी समाचार

बडौत, सराय मार्ग पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अर्जुन के चाचा रूपेन्द्र चौधरी और पिता जितेन्द्र चौधरी को चार लोगों ने धमकी दी। आरोपियों ने उन्हें तलवार से काटने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे समुदाय से हैं। उन्होंने साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने की धमकी भी दी। घटना की सूचना



मिलते ही अर्जुन और उनके साथी पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपियों के धमकी भरे व्यवहार से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार चाहल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर जिला अध्यक्ष अर्जुन, जिला उपाध्यक्ष राजीव चौधरी समेत कई बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 100 करोड़ की जमीन पर अवैध कब्जा हटा

**तालड़ा गांव में प्राधिकरण ने 50 हजार वर्ग मीटर एरिया कराया खाली**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तालड़ा गांव में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने अवैध कब्जों को हटाते हुए 50 हजार वर्ग मीटर एरिया खाली करा लिया। इस जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कुछ कालोनाइजर बाउंड्री बनाकर यहां अवैध कॉलोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति या नक्शा पास कराए निर्माण करने वालों पर कार्रवाई होगी। महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि तालड़ा के खसरा संख्या 270, 286 व 292 की जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में है।



प्राधिकरण ने पहले नोटिस जारी किया था। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। कार्रवाई में 5 जेसीबी और 3 डंपर का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी रामनयन सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। नोएडा पुलिस ने भी सहयोग किया।

एसीईओ ने लोगों से अपील की है कि वे ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# अनूपशहर में तिरंगा यात्रा निकली

**एनसीसी कैडेट्स और स्कूली बच्च शामिल रहे, भाजपा ने 10 किमी लंबी बाइक रैली निकाली**

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर में कई तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। एनसीसी की 41यूपी बटालियन के कैडेट्स ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।

इसमें एलडीएवी इंटर कॉलेज, डीपीबीएस महाविद्यालय, जेपी विद्या मंदिर और परदादा परदादी इंटर कॉलेज के विद्यार्थी शामिल थे। लेफ्टिनेंट धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली गई।

विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा एलडीएवी इंटर कॉलेज से शुरू हुई।

यह अंबेडकर पार्क, फव्वारा चौराहा, तहसील गेट, शिव चौक और बवस्टरगंज होते हुए डीपीबीएस डिग्री




कॉलेज पर समाप्त हुई। बिरौली मंडल भाजपा ने 10 किलोमीटर लंबी मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा गांव आहार से शुरू होकर मोहरसा, पौटा बादशाहपुर और चरौरा होते हुए गांव लछोई में कैप्टन रामकला सिंह की प्रतिमा पर समाप्त हुई। इस यात्रा में पंकज प्रमुख, अतुल प्रमुख और रामपाल सिंह खालौर, महेश प्रधान, एकांत गिरी समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। अनूपशहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय मदार गेट में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें एनसीसी कैडेट्स, विद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षक शामिल हुए। विद्यार्थियों ने 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारे लगाए।

मौहल्ला मदारगेट में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

यात्रा के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

# किसानों ने की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से मुलाकात

**6 प्रतिशत प्लॉट और गांव के विकास पर एसीईओ से एक घंटे तक चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में रामपुर फतेहपुर के किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्राधिकरण के एसीईओ सुनील सिंह से मुलाकात की। किसानों ने गांव के 6 प्रतिशत प्लॉट का मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि इन प्लॉट के लिए पात्रता जल्द तय की जाए। साथ ही बैक प्लीज और गांव के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। एक घंटे से अधिक चली इस बैठक में एसीईओ सुनील कुमार ने किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें क्षेत्रीय महासचिव हरवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह तालान, जिला महासचिव जसवीर भाटी शामिल थे। इसके अलावा अजयपाल भाटी, महेशचंद प्रजापति, गजराज भाटी, डॉ जितेंद्र प्रजापति, पवन भाटी, ऋषि पाल प्रजापति, संदीप प्रजापति, धर्मपाल कसाना, भीम प्रजापति, परमजीत भाटी और भगत सिंह कसाना सहित अन्य किसान भी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान में स्कूली बच्चों का जोश

**मवाना में भाजपा नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा, सैकड़ों बच्चों ने लहराया तिरंगा**

अमन लेखनी समाचार

मवाना, मवाना में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में स्कूली बच्चों समेत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। भाजपा मवाना मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक ने सुबह 11 बजे नगर पालिका मैदान से यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा थाना तिराहा से शुरू होकर फलावदा तिराहा, सुभाष चौक और खतोलीया चौक होते हुए आगे बढ़ी। फिर दयानन्द बाजार, सुभाष बाजार और चौड़ा कुआं से होकर वापस नगर पालिका मैदान पर पहुंची। यात्रा में शामिल बच्चे और कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम



के नारे लगा रहे थे। मार्ग में लोगों ने फूल बरसाकर और तालियां बजाकर यात्रा का स्वागत किया। कई स्कूलों के छात्र-छात्राएं रंग-बिरंगी वेशभूषा और तिरंगे परिधानों में नजर आए। कार्यक्रम में अमल खटीक, सौरभ शर्मा, मधुर कौशिक, निपुण चौहान, शुभम चौहान और योगेश शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने हर घर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान और एकता का संदेश देने का संकल्प लिया।

# घर में अकेली महिला पर चाकू से हमला

**बोली-तीन दिन पहले भी बाहर अंधेरे में कोई दिखा था; मोहल्ले के लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला किया गया। हमले के बाद महिला चिल्लाई तो आसपास के लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक हमलावर भाग गया। सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। वारदात पल्लवपुरम के श्री राम कॉलोनी की है। महिला ने बताया कि शाम लगभग आठ बजे उसे कमरे के बाहर कुछ फेंकने की आवाज आई। अंधेरे के कारण जब वह कमरे से बाहर आई तो अचानक उसके ऊपर किसी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। उन्होंने बताया- तीन दिन पहले रात में लाइट नहीं थी उस समय उसे आभास हुआ कि बाहर कोई है। उसने देखा तो अंधेरे में रेलिंग पर कोई देखा। इसके बाद जब उसने आवाज दी और पड़ोसियों को फोन किया तो वह तुरंत साइड में बने बंद मकान में कूद गया। पीड़ित महिला ने बताया-आज जब वह बाहर आई और अपनी सीढ़ियों के पास बल्ब लगा रही थी तो अचानक बराबर वाले स्कूल की दीवार से किसी ने हमला किया और दूसरे और के मकान की तरफ कूद कर भाग गया। पुलिस ने आकर बंद मकान की जांच भी की लेकिन कुछ नहीं मिला। जैसे ही महिला ने चिल्लाकर यह बात बताई तो आसपास के लोग मदद के लिए पहुंच गए। लोगों ने बताया कि तीन दिन पहले भी उसने हमे बताया था लेकिन हमे लगा शायद अंधेरे के कारण कोई वहम हुआ होगा। एसओ पल्लवपुरम ने बताया- महिला ने112 पर फोन कर सूचना दी गई थी । मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन कुछ नहीं मिला। जांच की जा रही है उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**

